Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-06-2022 | अंक 249

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बीडीओ ने की पीएम आवास एवं मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण

### प्रथम क़िस्त लेने के बाद भी 25 लाभुक ने आवास बनाने का काम नही किया है शुरू, मिला निर्देश



निरीक्षण करती बीडीओ सीआर इंदवार



बागवानी का निरीक्षण करते हुए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने बुधवार को विजैया पंचायत में पीएम आवास योजना एवं मनरेगा से संबंधित कुंआ और डोभा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा की पीएम आवास के 25 लाभुक मेघलाल सिंह, राजू सिंह, गीता देवी, कैलाश सिंह, प्रभु सिंह, जागेश्वर सिंह, उगन महतो, मेघलाल महतो , परवा देवी एवं अन्य लाभुको को आवास निर्माण के लिए पहला किस्त दे दिया गया है। लेकिन आवास निर्माण का कार्य अभी तक शुरू नही किया गया है। जहां बीडीओ ने सभी लाभुको को एक महीना के अंदर आवास का कार्य पूरा करने का आदेश दिया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की एक महीना के अंदर आवास का कार्य पूरा नहीं करने पर आवास के नाम पर दिया गया राशि वापस ले लिया जाएगा। अंत में उन्होंने विजैया में बागवानी का भी निरीक्षण किया। जहां पौधे कुछ लगे मिले। बीडीओ ने कहा कि सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम प्रयास करेंगे। सरकारी योजना को उनके वाजिब हकदार को मुहैया कराना सरकार की प्राथमि. कता है। मौके पर निरीक्षण के दौरान ब्ल०क कोअ०र्डिनेटर कमलेश सिंह भारती, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद कुमार एवं पोखराज यादव मौजूद थे।

## संस्कार युक्त शिक्षा ही रही है एकल विद्यालय की पहचान, बच्चों को दे सपनो का उड़ान : रीमा

### एकल विद्यालय वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग में चाणक्या आईएएस एकडेमी के जीएम ने दी बौद्धिक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




आचार्यो को बौद्धिक देती रीमा मिश्रा

एकल अभियान की ओर से जारी 10 दिवसीय आचार्या प्रशिक्षण कार्यक्रम के आठवें दिन के बौद्धिक सत्र में चाणक्या आईएएस एकेडमी के जीएम रीमा मिश्रा ने आचार्यो को प्रशिक्षण दी। उनके साथ चाणक्या से जुड़े पूर्व एडीएएम अनवर हुसैन, सुभाष कुमार भी शामिल रहे। उपस्थित आचार्यो ने रीमा मिश्रा का जय श्री राम के उदघोष के साथ स्वागत किया।बौद्धिक देते हुए जीएम चाणक्या रीमा मिश्रा ने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से जो शिक्षा का अलख गांव गांव में जगाया जा रहा है, वह काबिले तारीफ है। संस्कार युक्त शिक्षा एवं चरित्र निर्माण ही एकल विद्यालय की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि आप एकल विद्यालय से जुड़े बच्चों में संस्कार के साथ साथ उनहे उनके ऊंची लक्ष्य के बारे में भी प्रेरित करें। उन्हें बताएं कि आप भी एसपी, डीसी, बीडीओ एवं सीओ बन सकते हो। कहा कि यदि बच्चो में टैलेंट हो, उसमे शैक्षणिक क्षमता हो तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता है। अनवर हुसैन ने कहा कि कम मानदेय में शिक्षा का अलख जगाने की प्रतिबद्धता ही एकल आचार्यो को अन्य से अलग करता है। धन्यवाद ज्ञापन अंचल अध्यक्ष दयानंद चौरसिया ने किया। मौके पर ओम प्रकाश कुमार, संदीप चन्द्रवंशी, कपिल महतो, मनोज कुमार, सरिता देवी, शीला देवी, सुशीला देवी, संजू देवी, प्रकाश कुमार, महेंद्र कुमार नन्दकेशरी कुमारी सहित सैकड़ों आचार्या मौजूद थी।





## डरिए मत, हर ब्रेन ट्यूमर कैंसर नही होता : डॉ अनिल कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डॉ अनिल कुमार




बरही के जाने माने डॉक्टर अनिल कुमार ने ब्रेन ट्यूमर पर विशेष जानकारी देते हुए बताया की विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस प्रतिवर्ष १ 8 जून१ को मनाया जाता है। विश्व भर में हर एक दिन एक लाख में से दस लोग ब्रेन ट्यूमर के कारण मरते है। १ विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस १ वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को सबसे पहले जर्मन ब्रेन ट्यूमर एसोसिएशन द्वारा मनाया गया था। यह ब्रेन ट्यूमर के बारे में लोगो के बीच शिक्षा और जन – जागरूकता प्रसारित करने वाला एक गैर लाभकारी संगठन है। भारत में ब्रेन ट्यूमर की व्यापकता और प्रसार बढ़ता जा रहा है। कैंसर के अध्ययन के अनुसार, ब्रेन ट्यूमर ट्यूमर लड़कियों में सामान्यतः पाया जाता है। हालांकि स्थितियों के बीच कुछ भिन्नता हो सकती है। भरता सरकार ने ब्रेन ट्यूमर की रोकथाम, स्क्रीनिंग, रोग को जल्दी पता लगाने, निदान और देखभाल उपचार प्रदान करने के लिए अनेक उद्देश्यों की पूर्ति के साथ १ राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम१ शुरुवात की है। ब्रेन ट्यूमर एक खतरनाक बीमारी है अगर समय रहते इसका इलाज नही कराया गया तो यह जानलेवा साबित होता है। जब मानव शरीर में को. शिकाओं की अनावश्यक वृद्धि हो, लेकिन शरीर को इन अनावश्यक वृद्धि वाली कोशिकाओं की आवश्यकता न हो, तब इस अवस्था को ही कैंसर का नाम दिया जाता है। ब्रेन के किसी हिस्से में पैदा होने वाली असामान्य कोशिकाएं की वृद्धि ही ब्रेन ट्यूमर के रूप में प्रकट होती है। ट्यूमर को आमतौर पर कैंसर से जोड़कर देखा जाता है, पर हर ट्यूमर कैंसर नही होता। परंतु सही समय पर इसका इलाज शुरू नही किया गया तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। ब्रेन ट्यूमर किसी भी उम्र में हो सकता है। हमारा ब्रेन कोशिका से बना होता है। जब भी किसी कारण से ब्रेन की सेल्स की नियंत्रण बिगड़ने लगता है तो यह सेल्स खत्म होने लगते है। इसके बाद ब्रेन के काम में रुकावट होने लगती है। वहीं जब ब्रेन में अनियंत्रित सेल्स तेजी से फैलता है तो यह कैंसर का रूप धारण कर लेता है।

### ब्रेन ट्यूमर के लक्षण

मस्तिष्क के आकर में अगर अप्रत्याशित बदलाव हो, लगातार सिर में दर्द हो या फिर आंखो से कम दिखे, उल्टी आए, कान के पास कोई गाठ दिखे, कान से कम सुनाई दे या लगातार सीटी की आवाज आए तो इन सभी लक्षणों को हल्के में ना ले। यह सभी लक्षण ब्रेन ट्यूमर के तरफ इशारा करते है और ऐसे में तुरंत डॉक्टर की सलाह लेने की जरूरत है। डॉक्टरों को मनाना है की शुरुआती दौर में इन लक्षणों वाले मरीजों को एम आर आई या सीटी स्कैन करवाना चाहिए, जिससे ट्यूमर को कैंसर बनने से पहले रोका जा सके।

ब्रेन ट्यूमर एक खतरनाक बीमारी है रु यह सिर्फ मस्तिष्क को ही नही प्रभावित करती, बल्कि इसका असर पूरा शरीर पर होता है, क्योंकि मस्तिष्क ही पूरा शरीर को संचालित करता है। बुजुर्गो ट्यूमर कैंसर बन सकता है।

## बरही में प्रमुख बनाने के लिए बड़े बड़े नेता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रत्याशियों को दे रहे प्रलोभन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समाप्त होने के बाद प्रमुख बनाने की कवायद शुरू हो गई है। अपना जादुई आंकड़ा जुटाने के लिए प्रमुख पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे प्रत्याशी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। प्रत्याशी हर तरह का प्रलोभन देकर किसी तरह कुर्सी पर काबिज होना चाह रहे है। बरही प्रखंड में भी प्रखंड प्रमुख बनाने की होड़ मची हुई है।ज्ञात हो की बरही प्रखंड में कुल 26 पंचायत समिति सदस्य है। प्रमुख पद के लिए 14 सदस्यो का जादुई आंकड़ा हर हाल में चाहिए। इसीलिए प्रमुख पद के दावेदार इस जादुई आंकड़ा को पाने के लिए हर प्रकार का हथकंडा अपना रहे है। साथ ही इस चुनाव के लिए बरही के बड़े बड़े नेता और सामाजिक कार्यकर्ता में भी दिलचस्पी देखने को मिल रही है । प्रखंड के सभी निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य से फोन पर साधने में लगे है। सूत्रों के अनुसार प्रत्याशी अपना जादुई आंकड़ा पाने के लिए खरीद फरोख्त के लिए पंचायत समिति सदस्य की बोली लगनी शुरू हो गई है। मिली सूचना के अनुसार प्रमुख पद के उम्मीदवार से एक एक पंचायत समिति सदस्य दो – दो लाख तक का डिमांड कर रहे है। वहीं बरही में प्रमुख पद के लिए 15 जून को चुनाव होना है। अब देखना होगा की किस खेमे में कितना दम है।

## मेडिकल में एडमिशन के नाम पर 37 लाख की ठगी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना कांड संख्या 203 /2021 धारा 406, 420 के नामजद अभियुक्त बोकारो निवासी मिथलेश कुमार को बरही पुलिस बोकारो से गिरफ्तार कर जेल भेज दी। उस पर मेडिकल में नाम एडमिशन कराने को लेकर जालसाजी कर 37 लाख रुपये ठगी करने का आरोप है। आरोपी पिछले एक साल से फरार था।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चलकुशा : डीडीसी ने पंचायत का किया दौरा

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : हजारीबाग डीडीसी प्रेरणा दीक्षित के द्वारा बुधवार को चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के साथ कई पंचायत का दौरा किया। इस दौरान कई पंचायत में मनरेगा के द्वारा कराए जा रहे योजनाओं एवं आरती देवी पति विरेन्द्र पासवान,सुगनी देवी पति स्वर्गीय जीवलाल मिर्धा के द्वारा बनाए गए प्रधानमंत्री आवास का जांच किया। इस दौरान डीडीसी ने बीडीओ को सख्त निर्देश देते हुवे कहा कि बन रहे प्रधानमंत्री आवास को बाहर से प्लास्टर करवा कर प्रधानमंत्री आवास का बोर्ड बाहर जरूर लगवाने का आदेश दिए। जिसके बाद मो0कलीम उदीन पिता सुलेमान मियां के द्वारा किए जा रहे कूप निर्माण कार्य का जांच किया गया। जहां ज0ब कार्ड दिखाने को कहा गया लेकिन जॉब कार्ड नहीं दिखाने पर रोजगार सेवक को फटकार भी लगाया गया।

## श्री श्री 108 श्रीमद्भागवत सात दिवसीय सह एकादशी उद्यापन महायज्ञ का शुभारंभ

### यज्ञ होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है : विधायक

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ानो में श्री श्री 108 श्रीमद्भागवत सप्ताह सह एकादशी उद्यापन महायज्ञ का शुभा. रंभ किया गया। यज्ञ का शुभारंभ विधायक अमित कु0 यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री विधायक ने कहा यज्ञ होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता हैं। यज्ञ गौरवा देवी पति स्वर्गीय बालचंद यादव के द्वारा एकादशी उद्यापन की जा रही हैं। उन्होंने कहा की यह यज्ञ सात दिवसीय की जा रही हैं। इस यज्ञ में 251 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ढोल नगाड़े एवं जयकारे के साथ बडानो उत्तरवाहिनी बराकर नदी घाट पहुंचा। जहां मुख्य पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक कर पुनः यज्ञ मंडप में कलश यात्रा को रखा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह मुखिया अंजना देवी मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव ,शंकर ठाकुर , मुंशी महतो, प्रकाश यादव, सुरेश कुमार ,कैलाश कुमार, प्रभु नारायण ,रोहित कुमार ,सुरेंद्र कुमारसमेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## झुमरीतिलैया में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल शुरू

### विशाल भदानी और अजीत चंद्रवंशी को मिल रहा शहरवासियों का साथ

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




शहर में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण शहरवासियों को हो रही कठिनाई को लेकर धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल शुरू किया गया है। बुधवार से सामाजिक कार्यकर्ता विशाल भदानी भारतीय और अजीत चंद्रवंशी बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठ गए। उनका समर्थन करने वार्ड पार्षद नीरज कर्ण, बालगो. विंद मोदी, पिपराडीह के पूर्व मुखिया धीरज कुमार, कांटी के पूर्व मुखिया रमेश प्रसाद, प्रोफेसर राखी भदानी, रीतेश माधव, संजीव समीर, मधु कुमारी, आशय बसंत, लड्डू जैन, अभिमन्यु कुमार, अजीत सिन्हा, विनोद सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश छावड़ा, अंकित कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, सत्येंद्र कुमार गौतम, मिलन शाहाबादी, राकेश छावड़ा, मुकेश जैन, मंटू यादव, भूपेंद्र कुमार सिंह, नाजबून खातून, शिवशंकर वर्णवाल, रोहित कुमार सिंह, डॉ दीपक कुमार, शंकर यादव, बालेश्वर यादव, प्रीतम कुमार, पप्पू यादव समेत शहर के कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे। इस बाबत अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि विगत कई दिनों से झुमरी. तिलैया शहर में बिजली आपूर्ति की स्थिति बिल्कुल चरमरा गई है। 24 घंटे में महज 5 से 7 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है और वह भी अनियमित तरीके से। बिजली कब आती है और कब जाती है, इसकी जानकारी आम लोगों को कभी नहीं मिल पाती है। बिजली की इस त्रासदी के कारण शहरवासियों का जनजीवन और दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है तो वहीं इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत कई बार मौखिक और लिखित तौर पर समस्या से अवगत कराने और समाधान की मांग करने के बाद भी किसी प्रकार का सुधार नहीं हो पाया है। ज्ञापन में कहा है कि इस धरना प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के माध्यम से बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग करते हैं। मांग है कि झुमरीतिलैया शहर में कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिजली की कटौती यानि बिजली के आने एवं जाने की सूचना विभिन्न माध्यमों से शहर वासियों को दी जाए। पेयजल आपूर्ति में बिजली की समस्या बहुत बड़ी बाधक बनी है, इसे दुरुस्त किया जाए। इन मांगों पर ठोस कार्रवाई होने तक धरना और अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इस आंदोलन को सोशल मीडिया पर भी बहुत समर्थन प्राप्त हो रहा है और लोग इस पहल की सराहना करते दिख रहे हैं।

## चाणक्य आइएएस एकेडमी ने जिस बेटी को लिया था गोद, जेपीएससी में सफल हो कर नाम कर रही है रोशन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




कहा जाता है कि जब मन की जज़्बात को हकीकत में बदलने का जुनून हो तो हर बाधाओं को पार पाने की क्षमता भी विकसित हो जाती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाई हजारीबाग की बेटी सिमरन ने। 7वीं से 10वीं जेपीएससी के परिणाम में सिमरन को 135 रैंक हासिल हुआ है। दरअसल बीते 2014 में स्थानीय होटल कैनरी इन में लगे कैरियर फेयर में सिमरन ने अपनी प्रतिभा के बलबूते प्रथम पुरस्कार जीतने में सफलता हासिल की थी। उस वक्त जब सिमरन के ख्वाब पूछे गए तो वह अपने ख्वाब तो बताई लेकिन उसके हकीकत में तब्दील की गुंजाइश की संभावना घरेलू आर्थिक तंगी की वजह से उसे कम दिख रहा था। मौके पर मौजूद चाणक्य आइएएस एकेडमी की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा भी सिमरन की बात सुनी और बिना देर किए मौके पर घोषणा कर दी कि सिमरन को चाणक्य आइएएस एकेडमी निरू शुल्क यूपीएससी की तैयारी कराएगा और इस बेटी को इसके मुकाम तक पहुंचाने का भागीदार बनेगा। नतीजतन रीमा मिश्रा के इस घोषणा ने सिमरन के आज की ज़िंदगी को बदलकर रख दी। आज उसी चाणक्य आइएएस एकेडमी में निरू शुल्क तैयारी कर सिमरन जेपीएससी की परीक्षा परिणाम में 135 रैंक हासिल कर सभी को गौरवान्वित किया है। बताते चलें कि चाणक्य आइएएस एकेडमी की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा शुरुआत के दिनों से ही शैक्षणिक कार्यों में अहम भागीदारी निभाए जाने के साथ साथ सामा. जिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती रही हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए भी समाज में श्रीमती मिश्रा के योगदान को काफी सराहा जाता है। महिलाओं के उत्थान के लिए श्रीमति मिश्रा ने महिलाओं को जागरूक करने में अहम भूमिका तो निभाई ही, साथ ही हर क्षेत्र में उनकी मदद के लिए हमेशा खड़ी नज़र आईं। बातचीत के क्रम में श्रीमति मिश्रा ने बताया कि हमारी कोशिश हमेशा से रही है कि आर्थिक मजबूरी की वजह से विद्यार्थी चाहे वह छात्र हो ता छात्रा किसी का सपना टूट न जाए। इसलिए उन सपनों को साकार करने की मदद जहां तक संभव हो पाता है, चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से की जाती है। जेपीएससी के इस परिणाम में चाणक्य आइएएस एकेडमी के छात्र व छात्राएं बेहतर प्रदर्शन किया है। यह ज़रूर है कि बेटियों ने मान बढ़ाया है। फर्स्ट ट0पर अंकिता राय, सेकेंड ट0पर सुमन गुप्ता, वेदवन्ति, यशोधरा, अमिता लकड़ा, जूही रानी, मिताली सहित ऐसी कई बेटियां हैं, जिन्होंने संस्थान से तैयारी कर सफलता हासिल की और आज देश का नाम रा. ेशन कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि नारी सश. क्तिकरण की दिशा में मैं पिछले एक दशक से कार्य कर रही हूं और अब उसके सकारात्मक परिणाम भी दिख रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए और भी कई काम किए जाने बाकी हैं, जिसे आने वाले समय में किया जाएगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रहे अन्य महिलाओं की भी तारीफ की और सक्षम मं. हलाओं को इस ओर आकर समाज में बेहतर योगदान करने की अपील की।

## जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक वोमेन्स अंडर-19 टूनामेंट 2021-22 के लिए बरही बीएसए से सात महिला खिलाड़ियो का हुआ चयन


सोनी कुमारी


रिंकी कुमारी


अनामिका कुमारी


वर्षा कुमारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


अनीशा कुमारी


मनीषा कुमारी


सोनम कुमारी

जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक वोमेन्स अंडर-19 टूनामेंट 2021-22 लीग टूनामेंट का आगाज 10 जून से हो रहा है। जिसको लेकर सभी जिलों के खिलाड़ियो का चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। हज़ारीबाग जिला अंडर -19 वोमेन्स टीम में बरही बीएसए के सात महिला खिलाड़ियो का चयन हुआ, चयनित खिलाड़ियो में सोनी कुमारी, अनामिका कुमारी, अनिशा कुमारी, मनीषा कुमारी, रिंकी कुमारी, वर्षा कुमारी, सोनम कुमारी शामिल है। सभी खिलाड़ियो का चयन इनके आगामी फोरफॉर्मेन्स को देखते हुए हुआ है। लीग टूनामेंट को दो ग्रुप में बांटा गया है हज़ारीबाग टीम ग्रुप में रखा गया है, जिसका पहला मैच 11 जून को ग्राउंड-1 में जमेशदपुर से दूसरा मैच 12 जून को ग्राउंड-2 में रामगढ़ से, तीसरा मैच 13 जून को ग्राउंड-1 में गिरिडीह से एवं चौथा मैच 14 जून को ग्राउंड-1 में धनबाद टीम के बीच खेला जाएगा। ग्रुप ए एवं बी दोनों का सेम. ीफाइनल मैच 16 जून को एवं 17 जून को फाइनल मैच खेला जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बरही बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि बच्चे बेहतर प्रदर्शन करे यही इच्छा एवं आकांक्षा के साथ निष्ठावान रूप से बच्चों के अंदर छुपी खेल प्रतिभा को निखारने का कार्य बीएसए द्वारा विगत कई वर्षों से कर रही है।इस महिला टीम को प्रशिक्षण देने में संतोष शर्मा, कुलदीप कुमार एवं बसंत कुमार का अहम योगदान रहा।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ के चेडरा पैक्स में धान बीज विक्रय केन्द्र का उद्घाटन

### राज्य के किसानों को पहली बार समय से पूर्व मिल रहा धान बीज : शंभुलाल यादव

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


चेडरा पैक्स में किसान को धान बीज देते झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव

विष्णुगढ़ के चेडरा पैक्स में बुधवार को धान बीज विक्रय केन्द्र की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने फीता काटकर तथा किसान को बीज देकर इसका उद्घाटन किया। किसानों से उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसानों को म०नसून से पूर्व धान का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक किसान इसका लाभ ले सकते हैं। किसानों को राज्य सरकार द्वारा अनुदा. नित दर पर धान बीज एवं कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार किसानों की संमृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। पहली बार राज्य के किसानों का कर्जा माफ हुआ है। पहले की सरकार में किसान कर्ज में फंसकर आत्महत्या के लिए मजबूर होते थे। कर्ज माफी से राज्य के लाखों की संख्या में किसान लाभान्वित हुए। कहा कि जब राज्य के किसान समृध्दि होगें तो हमारा राज्य भी संमृद्ध होगा। पैक्स अध्यक्ष मो. कमरुद्दीन खान ने बताया कि पैक्स में किसानों को अनुदानित दर पर धान की तीन किस्में डीआरआरएच2 डीआरआरएच3 तथा एमटीयू1010 उपलब्ध हैं। मौके पर पंसस महताब हुसैन, पंसस मुन्नी देवी, शमशुल हक, सुरेश राम, कामेश्वर राम, हफीज खान, सुरेंद्र प्रसाद, रंजन मोहन लाल, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, साबिर शेख, सद्दाम खान, सुरैया खातून, आफताब आलम, शेख कमरुल्ला, समीर अंसारी, जगदीश प्रसाद, शेख इबरार, दुलारचंद प्रसाद, शमशेर खान समेत कई लोग मौजूद थे।

## गिरिडीह में लगातार चलाई जा रही है वाहन जॉच अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला में आए दिन कई रोड दुर्घटनाएं घटी जिसमे कई लोगों को जान गवानी पड़ी। रोड दुर्घटना में जान गंवाने वाले अधिकतर लोग हेलमेट नहीं पहने थे। गिरिडीह जिला प्रशासन ने कमर कस ली है कि रोड पर बगैर हेलमेट किसी को चलने नही दिया जाएगा और बगैर सीट बेल्ट लगाए कोई चार पहिया वाहन नही चलाने दीया जायेगा। ट्रेफिक इंस्पेक्टर प्रेमरंजन उरांव ने कहा कि अगर कोई इस नियम का उलंघन करता है तो उससे विभाग ऑन द स्पॉट फाइन वसूलेगा। अपेम लाइव न्यूज गिरिडीह जिला प्रशासन से अपील करती है कि जो बाइक चालक बगैर हेलमेट पहने किसी महीला को लेकर रोड पर चलते हैं उनको ट्रेफिक पुलिस रो. ककर फाइन नही वसूलते हैं जो कि नियम और कानून के विरुद्ध है साथ ही जो वाहन धुआं छोड़ते हैं विभाग उन वाहनों को जब्त कर ले ताकी वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। साथ उन सभी वाहनों को जब्त किया जाए जिसमे रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित ना हो। बहुत सारे बाइक के नम्बर प्लेट को पुलिस वाहन जैसा कलर करके रौब जमाते हैं उनकी भी बारीकी से जांच पड़ताल कर विधि सम्मत कार्यवाही किया जाय।

## विष्णुगढ़ के मड़मो में तेज तूफान से भारी तबाही, कई घरों के छप्पर उड़े

### प्रखंड प्रशासन द्वारा सुध नहीं लेने से पीड़ितों में रोष

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ के मड़मो में तेज तूफ़ान के कहर से क्षतिग्रस्त हुआ घर

प्रखंड के मड़मो पंचायत अंतर्गत डुमरियाटांड में मंगलवार को दोपहर बाद अचानक आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान से कई घरों के छप्पर एवं एस्बेस्टस शीट उड़ गए तो कई भीमकाय पेड़ भी धाराशाई हो गए। तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई। जिन घरों के छप्पर उड़े हैं उन परिवार वालों को अब रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। अधिकांश पीड़ित अब खुले में रहने को विवश हैं। इस भीषण नुकसान के बाद भी प्रखंड प्रशासन ने अब तक प्रभावितों की सुध नहीं ली है। जिससे पीड़ितों में रोष बना हुआ है। तूफान के कारण श्यामलाल मुर्मू पिता डुंगरू मांझी, लखीराम मुर्मू, बहाराम हांसदा, कार्तिक ठाकुर तथा अघणु हांसदा के घर को सबसे अधिक क्षति पहुंची है। पीड़ित बहाराम मरांडी ने बताया कि तूफान का कहर इतना तेज था कि लोगों को जान बचाने के लिए भी आफत की स्थिति हो गई थी। तूफान का कहर लगभग एक घंटे तक बना रहा। तूफान से घर का छप्पर उड़ने के बाद बारिश से घर में रखे अनाज, महुआ समेत सभी घरेलू सामान भी भींग कर बर्बाद हो गए। तूफान के तेज झोंको से गांव के कई पेड़ भी टूट कर गिर गए। बताया कि हैरान करने वाली यह रही कि तूफान ने सिर्फ पंचायत के डुमरियाटांड में हीं तबाही मचाई। मड़मो समेत आसपास के गांवों में इसका कहर न के बराबर रहा। जानकारी पाकर नव निर्वाचित मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, पंसस बहाराम हांसदा, ग्राम पंचायत सदस्य शनिचर सोरेन, समाजसेवी बहाराम मरांडी, मुकेश मिर्धा आदि पीड़ितों से मिलने पहुंचे और यथासंभव मदद करते हुए उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## हरे राम, हरे कृष्ण का जाप सभी दुखों को हरने वालाः प्रेम प्रभु


**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में राधे कृष्ण नगर संकीर्तन करते श्रद्धालु एवं ग्रामीण

कलियुग में हरे राम, हरे कृष्ण का जाप सभी दुखों को हरने के अलावा समस्त पापों का भी नाश करने वाला है। ये बातें प्रखंड के बकसपुरा में आयोजित हरि संकीर्तन कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि धनबाद इस्क०न अध्यक्ष श्रीनाम प्रेम प्रभु ने कही। कहा कि हरे कृष्ण महामंत्र के द्वारा षोडश कलाओं से आवृत्त जीव के आवरण नष्ट हो जाते हैं। इससे श्रेष्ठ कोई अन्य उपाय समस्त वेदों में भी देखने को नहीं मिलता। हरि संकीर्तन कार्यक्रम में बकसपुरा के अलावा कोल्हू, विष्णुगढ़, मुरगांवों, खरना, बोदरा, चानो समेत कई गांव के भक्तगण शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राधे श्याम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथां दीप प्रज. जवलित कर किया गया। इसके पश्चात नव निर्वाचित मुखिया ननकू महतो ने प्रभु राधे कृष्ण की प्रतिमा को अपने माथे पर रखकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए नगर संकीर्तन किया। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ बड़ी संख्या में भक्तगण हरे राम हरे कृष्ण नाम लेकर झूमते रहे। देर शाम में प्रभु श्री गौरनिताय की प्रतिमा स्थापित कर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवलन तथा भोग लगाकर पूजन किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी भक्तगणों के बीच सुमधुर प्रवचन प्रस्तुत कर सभी को ईश्वर के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। अंत में सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## बेंगाबाद थाना क्षेत्र में एक्साइज का पड़ा छापा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह उत्पाद विभाग को अवैध महुआ शराब चुलाई और बिक्री की सुचना लगातार मिल रही थी जिसको लेकर आज बुधवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित मोतीलेदा पंचायत के परसाटोल में उत्पाद निरीक्षक बी के सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया जिसमे 32लीटर शराब जब्त और चार क्विंटल जावा महुआ को बरामद कर नष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने वाले धंधेबाज बनवारी यादव, अशोक मण्डल, अरुण मण्डल, गणेश मंडल, चंद्रिका मंडल और बघरा के मुकेश कुमार रजक मौके से भागने में सफल रहे सभी पर उत्पाद विभाग विधि सम्मत कार्यवाही कर रही है। अपेम लाइव यूज से बातचीत करते हुए उत्पाद निरीक्षक बी के सिंह ने अवैध शराब बनाने वाले धंधेबाज और बेचने वाले को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि गिरिडीह ज़िला में किसी भी शर्त पर अवैध शराब बिक्री और निर्माण कार्य को फलने फूलने नही दिया जाएगा। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से अजय कुमार, रामनरेश राय, महानंद सिंह, नरेश प्रसाद सिंह, निरंजन कुमार, दीपेंद्र कुमार राय, बालगोविन्द सिंह, अशोक सिंह, चालक रामअयोध्या राय समेत जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में किया गया साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन

### साइबर सुरक्षा के लिए जानकारी और सावधानी अहम : डॉ मुनीष गोविंद






**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग। मटवारी स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय सभागार में बुधवार को एनएसएस इकाई के बैनर तले साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सीएस एंड आईटी विभाग की एचओडी चंदा प्रसाद ने बढ़ते साइबर अपराध से बचाव को लेकर कई अहम बातें बताई। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध की गतिविधियां आए दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में इससे बचाव का सबसे अहम तरीका सावधानी है, साथ ही इससे संबंधित जानकारियां रखना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस ओर लोगों में जागरूकता बढ़ाने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दरम्यान चंदा प्रसाद ने कहा कि लोगों को ओपन वाईफाई कनेक्ट करने से बचना चाहिए। व्यक्तिगत जानकारी अ०नलाइन शेयर करने में सतर्कता बरतनी चाहिए। साथ ही ऑनलाइन गिफ्ट या निरू शुल्क मिलने वाले लाभ के प्रति सचेत रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट ब्राउज़र को अपडेट करते रहना भी आवश्यक है। साथ ही आवश्यकतानुसार ही इंटरनेट के कनेक्टिविटी में रहना चाहिए। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए जागरुकता तो अहम है ही, साथ ही सावधानी बरतना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगातार अखबारों या टीवी के माध्यम से साइबर अपराध की घटनाओं की बातें सामने आती रहती है। ऐसे में जागरुकता महत्वपूर्ण है। इसलिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से समय समय पर सेमिनार, वेबिनार व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ साथ विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कार्यक्रमों के ज़रिए सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। बताते चलें कि साइबर अपराध के शिकार होने पर बलइमतबतपउम. हवअ.पद पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एकेडमिक डॉ बिनोद कुमार, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के अलावा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्राध्यापिाओं व कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। मंच संचालन डॉ रोज़ीकांत जबकि धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय की एनएसएस अधिकारी प्रीति व्यास ने की।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## तालाब निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता से आक्रोशित किसानों एवं ग्रामीणो ने की उपायुक्त से जांच की मांग

### दो दिनों के अंदर तालाब से पानी निकालने के लिए पुलिया निर्माण हो अन्यथा होगा आंदोलन : मुस्लिम अंसारी

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत गदर पंचायत के भोजराईयडीह में लाखों की लागत से बनने वाले तालाब निर्माण कार्य में सिचांई सुविधा मुहैया कराने के नाम पर भारी अनियमितता बरती जा रही है। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष मा0 मुस्लिम अंसारी ने कहा की तालाब निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है, जबकि उक्त स्थल पर पहले से ही दो पुलिया था जिसको मिट्टी से बंद कर दिया गया। इस तलाब पर हमलोग सिचांई के लिए निर्भर हैं। सबसे अहम बात यह है कि तलाब में जिस छोर से जल आने का रुठ है उसी को मिट्टी से भरकर उंचा कर दिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं सुधीर भुइयां ने कहा की तलाब से खुदाई की गई मिट्टी को तलाब के आसपास ही ढेर कर दिया है जिससे एक दो बारिस में ही तलाब से खोदी गई मिट्टी तलाब में चला जयगा। मौके पर संजय दास, मों मुस्लिम अंसारी, मों नेजाम, मों सिकन्दर, मोहम्मद कलीम उद्दीन, मों मुर्तजा, मों मजुंर, मंसूर आलम, जितेन्दर कुमार, मों इस्तीयाक, मों शबदर, राजेश दास, हरि दास,मनु कुमार, लोकनाथ दास समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## विद्यार्थियों के बीच प्रतिपूर्ति भत्ता का वितरण

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गैड़ा डुंगो में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच मध्याह्न भोजन योजना के प्रतिपूर्ति भत्ता का वितरण किया गया। गैड़ा पंचायत मुखिया आशा देवी, पंसस महताब हुसैन ग्रापंस राजू शर्मा, काजल देवी समेत विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से इसकी शुरूआत की। मौके पर विप्रस अध्यक्ष मणिलाल यादव, उपाध्यक्ष सान्या देवी, संयोजिका काजल देवी, सदस्य दिलीप ठाकुर, सहायक अध्यापक संजय कुमार सिंह, सॉ अध्यापिका बबिता कुमारी समेत कई अभिभावक मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था के आग्रह पर विधायक सरयू राय ने राष्ट्रीय जूनियर तीरंदाजी मैं स्वर्ण पदक विजेता खुशी कुमारी के आवास पहुंचकर किया सम्मान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



धनबाद जिले के सिंदरी विधानसभा अंतर्गत कांडरा निवासी खुशी कुमारी, पिता पप्पू महतो ने राष्ट्रीय जूनियर तीरंदाजी प्रतियो. गिता में स्वर्ण पदक लेने पर बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था के द्वारा झारखंड विधानसभा के सदस्य जमशेदपुर के विधायक सह दामोदर बच. ाओ आंदोलन के अध्यक्ष श्री सरयू राय जी के द्वारा राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता खुशी कुमारी के आवास पहुंचकर 8 वर्षीय बच्ची को बुके , साल एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। माननीय विधायक सरयू राय ने यह कहा कि जिस तरह से छोटे-छोटे गांव में आज बच्चियां राष्ट्रीय पदक लेकर के आती हैं इससे एक तरफ जहां शिक्षा का विकास तो होता ही है साथ ही साथ खेलों के विकास के लिए भी राज्य अग्रसर हो रहा है। स्थानीय स्तर पर बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था भी शारीरिक एवं मानसिक रूप से बच्चों को मजबूत बनाते हुए खेल की ओर प्रेरित कर रहा है इसके लिए संस्था को बहुत-बहुत धन्यवाद है। मैं राज्य सरकार से यह मांग करूंगा कि इन्हें खेलने के लिए एक अच्छा तीर धनुष उपलब्ध हो सके जो अंत. रराष्ट्रीय स्तर का हो पहले हम राज्य सरकार से मांग करेंगे और चुकी में जमशेदपुर का विधायक हूं इसलिए मेरे क्षेत्र में टाटा जैसे उद्योग भी हैं और ति. रंगा जी के खिलाड़ी खुशी कुमारी टाटा स्टेडियम ,डिगावाडीह में ही तीरंदाजी सीखने जाती थी तो निश्चित रूप से टाटा का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। मैं टाटा कंपनी से भी बात करके तीर धनुष उपलब्ध करवाने का प्रयास करूंगा। स्थानीय स्तर पर दामोदर बचाओ आंदोलन के धनबाद जिला के संयोजक श्री अरुण राय, बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था के सचिव पप्पू पंडित, प्रभास कुमार अग्रवाल, सुनील उरांव, सर्वौनमुखी विकास परिषद के सचिव अशोक सिंह, काली किंकर, विशाल महतो आदि की भूमिका सराहनीय रहा।

APEM LIVE

## किसान मंच के नेता के जेल से छूटने पर पर बधाई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में भु माफिया और अफसर का गठ्जोड़ के कारण रजिस्टर्ड 2 का नकल बिना घुस के उपलब्ध नही कराए जाने से लोगों को भारी परेशानी हो रहा है। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है विभाग। इसलिये लगातार रजिस्टर टू की नकल की बात को टाला जा रहा हैविभाग द्वारा। किसान मंच ने माले को आवेदन दिया था तब से लेकर आज तक माले किसान मंच के साथ खड़ा है।,पिछले उपायुक्त गिरिडीह से किसानमंच के अध्यक्ष अवधेश सिंह,पेट्रोन अजित सिन्हा और भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा घंटो बैठक की थी। जिसमे तत्कालीन गिरिडीह उपायुक्त ने लगभग 300 आवेदन का निष्पादन किया था।,उसी बीच गिरिडीह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा का ट्रांसफर हो गया और वे चले गए,।फिर से अफसर और भूमाफिया तथा जनप्रा. तिनिधि का गठ्जोड़ तेज हो गया। ज्ञात हो आरटीआई के रिपोर्ट के अनुसार 50: रजिस्टर्ड 2 का पेज फटा है अर्थात लुटेरो का गठ्जोड़ ने गरीब किसान की जमीन की कागजात को रजिस्टर्ड टू से हटा दिया है। भाकपा,माले ऐसे लुटेरे अधिकारी कर्मचारी,जनप्राति. निधि और भूमाफिया के गठ्जोड़ को विरोध करती है।,ऐसे लुटेरो को जनता,सड़क पर पकड़ कर सवाल जबाब करें। तब यह सभी भ्रष्टाचारी लोग अपने कार्यो के प्रति सचेत रहेंगे। गिरिडीह किसान मंच का मांग जायज है,उसे गुमराह नहीं किया जाय।,मांग पूरी करें,अफसर वरना माले खुलकर विरोध प्रदर्शन करेगी।,गिरिडीह प्रखंड ही नहीं बल्कि 13 प्रखंडो का यही हाल है। आम जनता लुटेरे और भ्रष्ट अधिकारी,कर्मी के खिलाफ आवाज तेज करें। भाकपा माले, आम जनता के साथ साथ किसान मंच को अपना समस्या बताए,माले को अपना समस्या बताए। हम भाकपा माले के लोग आपकी आवाज को जन जन तक पहुचायेंगे और जिला से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। भाकपा माले आम आवाम से अपील करती है कि आप सभी भाकपा माले के साथ जुडें हम आपकी हर समस्या का हल करेगें।

## एनएमओपीएस की बैठक संपन्न लिए गए कई अहम निर्णय

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 08-06-2022 को सर जे. सी. ब०स. बालिका विध्यालय. गिरिडीह में एनएमओपीएस की प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 26 जून को रांची में होने वाले पेंशन जयघोष महासम्मेलन की सफलता हेतु जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन किया गया. इस पेंशन जयघोष महासम्मेलन में गिरिडीह से अधिक से अधिक संख्या में पेंशन विहीन सरकारी कर्मचारियों की सहभागिता कैसे हो इस पर गहन चर्चा की गई चर्चा के उपरांत प्रखंड वार बैठक कर प्रखंड संयोजक ओं के साथ रणनीति बनाने और सदस्यता अभियान हेतु कार्यक्रम तय किए गए ।मुख्य रूप से तय हुआ की सभी एनपीएस कर्मच. ारियों को रांची की इस रैली में भाग लेना आवश्यक होगा ।जिला स्तर पर गठित टीम जिला का सघन दौरा करेगी और सभी एनपीएस कर्मियों के जिले में सरक. ारी कर्मचारियों के जितने भी संगठन हैं उन सभी संगठन के पदाधिकारियों से यह कमेटी मिलकर उनका समर्थन और सहयोग की अपील करेगी ।सघन दौरा १६ जून से पुरानी पेंशन की बहाली की घोषणा के लिए निरंतर जारी रहेगा जिला स्तरीय टीम में जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी जोनल संगठन सचिव इम्तियाज अहमद प्रांतीय मीडिया प्रभारी रा. जेंद्र कुमार प्रसाद विकास सिन्हा सुनील वर्मा और मिथुन राज शामिल है। जिला स्तरीय टीम का सघन दौरा 16 जून को गांडेय बेंगाबाद 17 जून को जमुआ देवरी 18 जून को तीसरी गांव 20 जून को धनवार बिरनी 21 जून को सरिया बगोदर 22 जून को डुमरीर पीरटंड और 23 जून को गिरिडीह सदर और मुफस्सिल का दौरा करके सभी एनपीएस कर्मचारियों को उनके हक की बात पुरानी पेंशन के साथ को लेकर आगे बढ़ेगी ।आज के इस बैठक में उमेश प्रसाद चौधरी महेंद्र प्रसाद दांगी मनीष कुमार अंबिका महतो बसंत कुमार आफताब अहमद मोहम्मद सनाउल्लाह बलवंत सिंह संतोष कुमार तिवारी माला लता मुर्मू रूपा कुमारी बम शंकर प्रसाद सिंह अनुज कुमार सहित काफी संख्या में एनपीएस से पीड़ित लोग शामिल थे।

## चड्ढ़ी पहनकर स्विमिंग पूल में स्नान करना युवक को पड़ा महंगा हुई हाथापाई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अंतर्गत बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कर्णपुरा स्थित मिडवे ग्रीन रिस०र्ट नामक होटल के स्वीमिंग पुल में चड्ढ़ी पहनकर स्नान करना युवक को महंगा पड़ा गया। होटल के स्टाफ के साथ उसकी मारपीट हो गई जिसमे युवक मामूली रूप से चोटिल हुआ है। सूचना मिलने पर बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक मेडिकल जांच के लिए बेंगाबाद के सरकारी अस्पताल लाया गया। यह मामला बेंगाबाद कर्णपुरा के एक होटल से जुड़ा हुआ है।भुक्तभोगी युवक गिरिडीह पचम्बा का रहनेवाला है। भुक्तभोगी ने कहा कि वह अपने चार मित्रों के साथ स्वीमिंग पुल का लुत्फ उठाने कर्णपुरा होटल आया था। अपने दोस्तों के साथ वह स्वीमिंग पुल चड्ढ़ी पहनकर मौज मस्ती कर रहा था। इस होटल के स्टाफ ने उसे पैंट पहनकर स्वीमिंग पुल में नहाने की बात कही। इस बात पर दोनों के बीच बहस हो गयी। दोनों एक दूसरे के साथ मारपीट कर ली। पुलिस आने के बाद माहौल शांत कराया गया। भुक्तभोगी ने कहा कि स्वीमिंग पुल में पैंट या चड्ढ़ी पहनकर नहाना इसका कोई वहां सूचना पट नहीं लगा है। होटल संच. ालक द्वारा स्वीमिंग पुल के ड्रेस उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जाने अनजाने वह चड्ढ़ी पर ही स्वीमिंग पुल में उतर गया। होटल संचालक से जब इस मामले को लेकर जानकारी मांगी गई तो उसने जवाब देने की जगह पर टालमटोल करने लगा।आए दिन स्वीमिंग पुल बन रहा विवाद का अड्डा। स्व. ीमिंग पुल में मौज मस्ती के लिए पहुंच रहे कुछ लोगों का कहना है, कि स्वीमिंग पुल विवाद का अड्डा बनता जा रहा है। यहां नित्य प्रतिदिन लोगों को एक दूसरे से विवाद हो रहा है।